हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 दिसंबर 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 अगले सप्ताह तक रहेगी ऐसी सर्दी फसलों के...



07 नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों में जगह जगह सजी गर्म ...



## खबर संक्षेप

### पं विश्वनाथ शास्त्री जयंती पर होगी रामकथा

**विदिशा।** कल धर्मदिवाकर पं विश्वनाथ शास्त्री जयंती महोत्सव पर ध्वजारोहण एवं श्रीरामकथा का आयोजन 10 दिसंबर 16 दिसंबर तक होगी। बजरंग शरण महाराज कथा करेंगे। कथा का आयोजन चौपड़ा स्थित व्यायाम शाला परिसर में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा। 13 दिसंबर को शाम 4 बजे से चौपड़ा से रामलीला तक शास्त्री जी की मंगल शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामलीला में ध्वजारोहण होगा।

### विधायक मीणा का दौरा नटेरन व खड़ेर में आज

**विदिशा।** शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा सोमवार की दोपहर 12 बजे नटेरन के शासकीय अस्पताल पहुंचकर डिजीटल एक्सरे मशीन का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद डेढ़ बजे ग्राम खड़ेर पहुंचकर सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करेंगे। वहीं खड़ेर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण भी किया जाएगा।

### किसान कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

**विदिशा।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए 7 उपाध्यक्ष, 16 महामंत्री सहित 28 सचिवों के नामों की सूची कर दी है। यह सभी नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन में किसान कांग्रेस संगठन के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान की स्वीकृति मिलने के बाद जारी की गईं हैं।

### युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक संपन्न

**ग्यारसपुर।** युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक में सर्व समिति से ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष लकी शर्मा व मंडल प्रभारी अजय शर्मा जी को नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष बागेश मिश्रा के द्वारा की गई। जिला प्रभारी आकाश कटारे ज़िला महामंत्री पियूष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शुभम मिश्रा की अनुशंसा पर की गई। बैठक में प्रमोद शास्त्री, सुरेंद्र भार्गव, अभिषेक आचार्य, मनोज भार्गव, राहुल गौतम, जय शर्म सहित ग्यारसपुर ब्लॉक के विप्र रहे।

### टक्कर मार भागी एंबुलेंस राहगीर ने बचाया

**विदिशा।** सोमवार रात करीब 8 बजे सिविल लाइन पुलिस थाना अंतर्गत सौंठिया मार्ग पर राहगीर अनिल राजपूत को प्राइवेट एंबुलेंस ने जोरदार टक्कर मारी और टक्कर मारने के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही समाजसेवी आदर्श तिवारी, देव शर्मा तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। घायल की हालत अत्यंत गंभीर थी और उसकी एक पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गया था। बाद उसे भोपाल रेफ़र किया। दोपहर में एसटीआई गेट के पास दुर्घटनामें मनोज अहिरवार को भी अस्पताल पहुंचाया।

### हाईकोर्ट का फैसला: पूरनपुरा चौराहे से क्रांतिचौक के बीच स्थित है यह कीमती जमीन

# शहर की बेशकीमती 52 बीघा जमीन को हाईकोर्ट ने वक्फ की संपत्ति माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगर के मध्य क्रांतिचौक और पूरनपुरा के बीच स्थित बेशकीमती 52 बीघा जमीन को हाईकोर्ट ग्वालियर ने वक्फ संपत्ति मानते हुए अपना अहम फैसला सुनाया है।

हाईकोर्ट ग्वालियर के न्यायाधीश जीएस अहलूवालिया की अदालत ने सुनाया है। इस बेशकीमती जमीन पर मालिकाना हक जताते हुए दावा पेश किया गया था। जिसमें दूसरी तरफ से वक्फ बोर्ड को पार्टी बनाया गया। उक्त जमीन के मालिकाना हक को लेकर कुछ लोग न्यायालयीन लड़ाई लड़ रहे थे। लेकिन शासकीय दस्तावेजों में उक्त जमीन वक्फ बोर्ड की संपत्ति के रूप में दर्ज है। न्यायालय ने यह भी तर्क दिया है कि जमीन पर मालिकाना हक जताने वाले अपना दावा साबित करने में असफल रहे।

#### हाईकोर्ट के न्यायाधीश जीएस अहलूवालिया का फैसला

यह सिविल रिवीजन मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा वर्ष 2019 में दिये फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट ग्वालियर में मामला दायर किया गया था। मामले में विदिशा नगर की सर्वे नंबर 658, 659, 660, 661 की कुल भूमि 11.519 हेक्टेयर को लेकर यह दावा प्रस्तुत किया गया था। यह जमीन कुल मिलाकर लगभग 52 बीघा जमीन है। हाईकोर्ट में आवेदकों ने बताया था कि इस जमीन का मूल भूस्वामी नत्थे खा थे और इनकी मृत्यू 1954 में हो गई थी। उनके बाद यह संपत्ति उनकी विधवा शक्कर बी को मिली। न्यायालय में बताया गया कि पहले खाता नंबर 133 में नत्थे खा, नजीर खान, शकूर खान और गफूर खान की संयुक्त संपत्ति थी। बटवारे के बाद शक्कर बी को उक्त संपत्ति का एक तिहाई यानी 52 बीघा मिली। शक्कर बी के दो वारिश बेगम बी और बक्को बी पत्नि मुनीर खान थे। बेगम बी निसंतान रहीं और बक्को बी के जरदार खान, जुबैदा, अमीना हसीना वारिश रहे। इसके बाद अलग अलग लोग भी इस जमीन पर अपना मालिकाना हक जताते रहे। बटाईदार और सिकमी बटाईदार भी इस जमीन को लेकर न्यायालयों में दावा जताते रहे हैं।



वक्फ बोर्ड से लेकर अन्य न्यायालयों में यह मामला चलता रहा। लेकिन वक्फ बोर्ड इसे अपनी संपत्ति मानता रहा। क्योंकि 1951-52 में यह संपत्ति वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज हो चुकी थी। हाईकोर्ट ने यह भी माना है कि यह वक्फ संपत्ति थी और नत्थे खां का इस जमीन में एक तिहाई हिस्सा नहीं था। यह पक्ष अपना मालिकाना हक साबित करने में कोई ठोस दस्तावेज भी प्रस्तुत नही कर सका। न्यायालय ने तर्क दिया है कि वक्फ में संपत्ति दर्ज होने के पहले नत्थे खां इस जमीन के असली मालिक हैं ऐसे कोई दस्तावेज सामने नहीं लाए जा सके हैं। हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश जीएस अहलूवालिया ने अपने फैसले में लिखा है कि 27 अक्टूबर 2025 को चुन्ने खान बनाम मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड और अन्य मामले में सिविल रिवीजन नंबर 782/2019 में दिए गये अपने आदेश में यह माना है कि चुन्ने खान यह साबित करने में नाकाम रहे कि विवादित प्रॉपर्टी के मालिक नत्थे खान थे। इसलिए एमपी स्टेट ट्रिब्यूनल भोपाल द्वारा केश नंबर 33/2006 में 22/8/2019 को पारित आदेश को ही स्वीकारते हुए इस सिविल रिवीजन को खारिज किया जाता है।

#### वर्षों से खेती करता आया है यादव परिवार

इस विवादित जमीन पर यादव परिवार और अन्य लोग वर्षों से खेती करते आए हैं। जमीन पर इन लोगों का कब्जा भी है और किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं था। लेकिन जैसे ही जमीनें महंगी हुईं और करोड़ों में कीमत पहुंची तो भुमाफिया से लेकर तमाम लोग सक्रिय हो गए। इस जमीन पर काबिज लोगों को भी अलग अलग से तरह से प्रताड़ित किया गया। जब आनन फानन में जमीन बेची जाने की चर्चाएं सामने आईं तो राजनैतिक और प्रशासनिक हस्तक्षेप से वर्षों से खेती करने वालों को जेल भी भेजा गया। हालांकी न्यायालय ने जमीन पर काबिज लोगों को बंटाईदार मानते हुए जमीन का मालिक मानने से इंकार कर दिया है। हालांकी वर्तमान स्थिति में इस जमीन पर बहुत सारे लोग मकान बनाकर काबिज हो चुके हैं।

# विदिशा के सौदान सिंह बघेल बन सकते हैं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

### कागपुर गांव के हैं और कई पदों पर रह चुके हैं

**सौदान सिंह बघेल विदिशा जिले के ग्राम कागपुर के रहने वाले हैं और अविवाहित रहते हुए संघ और भाजपा में विभिन्न दायित्वों को संभालते हुए अपने गांव के लिए कई अनुकरणीय कार्य कराए हैं। कागपुर में खेल स्टेडियम के साथ सामूदायिक भवन है। हाट बाजार का शानदार निर्माण कराते हुए तालाब और पार्क बनवाए।**



विदिशा। सौदान सिंह बघेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पिछले दो दिनों से विदिशा में सोशल मीडिया पर कागपुर गांव के रहने वाले भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह बघेल के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की चर्चा जोरों पर चल रही है।

श्री बघेल ने संघ के स्वयंसेवक से अपने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करीब 1980 में नगर प्रचारक बनकर किया था। श्री बघेल ने अविवाहित रहते हुए अभी तक की अपनी सार्वजनिक और राजनैतिक जीवन के दायित्वों का निर्वाहन किया है। उन्होंने भाजपा और उसके वैचारिक संरक्षक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) दोनों में कई संगठनात्मक भूमिकाएं निभाई हैं। सौदान सिंह ने अपना राजनीतिक करियर आरएसएस के माध्यम से शुरू किया, जहां उन्होंने पूरे मध्य प्रदेश में कई प्रचारक भूमिकाओं में काम किया। 1980-1982 में नगर प्रचारक भोपाल रहे। 1982-1984 तहसील प्रचारक के रूप में हुजूर और बैरसिया में रहे। 1984-1986 जिला प्रचारक भोपाल रहे। 1986-1989 में जिला प्रचारक, रायसेन और 1989-1992 जिला प्रचारक, विदिशा में कार्य किया। वह 1990 के दशक में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में शामिल हुए। 1993-1995 बैतूल, होशंगाबाद, हरदा और भोपाल के लिए संगठन मंत्री बनकर भाजपा में कार्य किया। 1995-2001 मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए सम्भाग संगठन मंत्री रहे। 2001-2004 प्रदेश महासचिव (संगठन), छत्तीसगढ़ में रहे। 2004-2007 छत्तीसगढ़, आंध्र के क्षेत्रीय महासचिव (संगठन)।

प्रदेश और तेलंगाना 2007–2020: उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और राजस्थान सहित उत्तरी और पूर्वी भारतीय राज्यों के लिए संयुक्त राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) का दायित्व संभाला। अब फिलहाल वर्तमान में 2021 से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर कार्य करते हुए हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश की ज़िम्मेदारी संभाले हुए हैं। अगस्त 2022 में उन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए भाजपा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया।

# परिवार बिखरेंगे तो जरूरतें बढ़ेंगी और देश की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचेगी

### प्रज्ञा प्रवाह के द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



वर्ष 2008 के ग्लोबल फाइनेंस क्राइसिस के समय इकोनामी और आज की इकोनॉमी में बहुत अंतर बताया। आज हम बाहरी देशों पर कम निर्भर हैं और हमें पारिवारिक एक जुटता बनाकर रखने की आवश्यकता है। यदि परिवार टूटेंगे तो उतने ही अधिक नए घर बसेंगे और उतना ही अधिक सामान की डिमांड बढ़ेगी। यह बात सीआईएसटी कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में प्रज्ञा प्रवाह मध्य भारत प्रांत से सीए रितेश शर्मा ने कही। साथ ही उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी पुस्तक कौटिल्यनॉमिक्स फॉर मॉडर्न टाइम्स लेखक राम बालसुब्रमण्यम पर भी चर्चा की। कॉलेज के संचालक आनंद शरण ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। प्रशांत जी ने कंपनी के आईपीओ व शेयर मार्केट पर चर्चा की एवं अनिमेष जी ने कहा कि झुंड में होकर भी अकेले होते हैं। बस समूह में हम सब साथ होते हैं। इसलिए हमें समूह में रहना चाहिए। संगोष्ठी में प्रज्ञा प्रवाह विभाग अध्यक्ष जनार्दन सिंह चौहान, डॉ निशा तिवारी, डॉ रमेश ठाकुर की उपस्थिति में युवा आयाम प्रमुख राजेश विश्वकर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की।

### मानव सेवा न्यास में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**विदिशा।** मानव सेवा न्यास में जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल का वितरण किया गया। न्यास के अध्यक्ष रमेशचंद्र मंगल ने न्यास के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर न्यास के पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी भार्गव, डॉ जीके माहेश्वरी, डॉ वेदप्रकाश मेहरा, राधेश्याम महेश्वरी, मनमोहन बंसल, मानव सेवा न्यास के सचिव मानसिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल, निशिकांत बलवरकर, सुशील अग्रवाल, कृष्णगोपाल अग्रवाल, रोहित गर्ग उपस्थित रहे।

### त्रिशूल दीक्षा में बड़ी संख्या लोग हुए शामिल

**नटेरन।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड नटेरन द्वारा सामुदायिक भवन नटेरन में त्रिशूल दीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने त्रिशूल दीक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्बोधन के बाद विशाल शौर्य यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में प्रांत सहमंत्री मलखानसिंह ठाकुर, विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी, जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह बाबा, जिला मंत्री राजकुमार मीणा, दीपक यादव, हिम्मतसिंह राजपूत, लालाराम मीणा, सतीश यादव, रामकरण मीणा, अंकेश यादव, विशाल यादव, डॉ विजय मीणा, लखन लोधी, मंजीत मीणा, सुमित रघुवंशी सहित प्रखंड टोली मौजूद रही।

# महिला से तंग आकर सल्फास की 5 गोलियां गटककर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जतरापुरा रोड स्थित पीएम आवास कॉलोनी निवासी 46 वर्षीय खिराज सिंह कटारिया नामक एक युवक ने सल्फास गटककर आत्महत्या कर ली है। यह घटना शनिवार की दोपहर के समय की है। युवक को अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दमतोड़ दिया।

एडवोकेट प्रवेश शर्मा ने बताया कि युवक गंजबासौदा में नौकरी करता था। पुलिस ने उसके पास से सुसाइड नोट बरामद किया है और उसके मृत्यूपूर्व कथन भी लिये गये हैं। पुलिस ने पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा। इसके बाद रविवार को अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार युवक ने आत्महत्या करने से पहले सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए एक महिला पर ब्लैकमेल किये जाने के आरोप लगाए हैं। युवक ने आत्महत्या करने से पहले महिला से संबंध और उसके द्वारा उससे रुपये ऐंठने के गंभीर आरोप लगाए। खिराज के माता पिता नहीं रहे और वह परिवार में अकेला ही था।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### जलसरंक्षक मशहूर कार्टूनिस्ट आबिद सुरती भी हुए शामिल

# गांधीवादी पालीवाल और गर्ग ने फिर किया बेतवा को सदनीरा बनाने का आव्हान, उद्गमस्थल के आसपास फिर बनाएंगे चेकडैम

**जलसरंक्षक आबिद सुरती का बेतवा को सदनीरा बनाने पर जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



बेतवा को सदनीरा बनाने का संकल्प लेकर गतवर्ष बनाए गए 52 चेकडेम के अच्छे परिणाम मिलने के बाद इस बार फिर से अभियान प्रारंभ करने का तय किया है।

गतवर्ष भीषण गर्मी के बावजूद गांधीवादियों की टोली ने बेतवा के उद्गम स्थल झिरी पहुंचकर 52 चेक डेम का निर्माण श्रमदान से किया था। इससे झिरी में अभी भी पानी की धार बह रही है। बेतवा को सदा बहती हुए नदी बनाने का संकल्प लेकर काम कर रहे प्रख्यात गांधीवादी आरके पालीवाल, डॉ सुरेश गर्ग, प्रो अरविंद द्विवेदी आदि ने इस बार फिर से अभियान को गति देने का निश्चित किया है।

#### सुरती ने बताया महत्व

आबिद सुरती मुंबई के मशहूर कार्टूनिष्ट हैं और उन्होने वहां पर ड्राप डेड फाउंडेशन अभियान चलाकर नलों से टपकने वाले पानी को रोका है। उन्हे राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया गया है। वे अब 90 वर्ष के हो चुके हैं और अब हिमाचल के धर्मशाला में रहते हैं। बेतवा के उद्गम स्थल झिरी पहुंचकर उन्होने बेतवा को सदनीरा बनाने के अभियान को अपना समर्थन दिया है। आबिद सुरती ने प्राणों के लिए जल की अनिवार्यता के साथ इसका अध्यात्मक महत्व भी समझाया।

## खबर संक्षेप

### प्रदेशव्यापी धरना में शामिल होने की अपील

**गंजबासौदा।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में संरक्षक रघु ठाकर के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी 9 दिसंबर को विशाल हल्ला बोल धरना प्रदर्शन भोपाल में किया जायेगा। उक्त जानकारी लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष भरत सराठे ने देते हुए बताया कि मजदूर, किसान, नौजवान, मंहगाई, भ्रष्टाचार अपराध एवं अराजकता से आम जनता निरंतर परेशान हो रही है। लोकतांत्रित संविधान के तहत उक्त मांगों को लेकर हल्ला बोल धरना प्रदर्शन किया जाऐगा। जिसमें जिले में बड़ा कारखाना खोला जावे, गरीबों के बिजली बिल माफ किए जाएं, सर्व शोषितों को सामाजिक आर्थिक न्याय मिले, सम्पूर्ण नशाबन्दी लागू की जाए, बढ़ते अपराधों पर रोक लगाई जाए, जन बदलाब वादियों व एवं पत्रकारों का दमन बंद हो, वृद्ध विकलागों को 1500 रुपये पेंशन प्रतिमाह दी जाए, शिक्षक एवं विद्यार्थियों को संपूर्ण शिक्षित कर समान शिक्षा लागू की जाए, किसानों को फसल बोनी के 1 माह पूर्व पर्याप्त खाद, बीज पंचायत द्वारा दिलाई जावे सहित अन्य मांगे शामिल रहेंगीं। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से मंगलवार को सुबह 8 बजे तक रेल्वे स्टेशन पर एकत्र होकर रैली में भोपाल चलने की अपील की है।

### विराट हिंदू सम्मेलन 14 दिसम्बर को

**गंजबासौदा।** नीलकंठ महादेव मंदिर ग्राम उदयपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। समस्त हिंदू संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कस्बे में सनातन परंपरा और हिंदू जागरण के लिए विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जगद्गुरु श्रीराम कमलाचार्य महाराज मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। पिछले दिनों मंदिर परिसर में हिंदू संगठन की बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी बैठक के पश्चात इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू हो गई। नगर के जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम के संस्थापक और रामानंद संप्रदाय के जगद्गुरु इस कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। हिंदू संगठन नागरिकों से इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करने का आह्वान किया।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण गंभीर घायल

**गंजबासौदा।** रविवार की शाम बासौदा त्योंदा मुख्य मार्ग पर ग्राम ककरावदा के टपरों के पास एक बाइक सवार सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों एवं वाहन चालकों ने उसे उठाया और एंबुलेंस एवं पुलिस को फोन किया। लेकिन जब तक सरकारी मदद पहुंचती तब तक कुछ जागरूक लोगों ने एक निजी वाहन की मदद से गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसका उपचार जारी है। वहीं सूचना के बाद पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ढलती शाम को रंग बिरंगे बादलों का मनमोहक नजारा....



गंजबासौदा। रविवार की शाम सूरज जैसे जैसे धीरे ढलता जा रहा था वैसे ही शाम हल्के बादलों के बीच और रंगीन होती जा रही थी।

## सामुदायिक भवन निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




रविवार को सुबह के समय नगर के वार्ड क्रमांक एक फ्रीगंज स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा केवट समाज के लिए विधायक निधि से 5 लाख की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र रघुवंशी मुख्य रुप से मौजूद रहे। वार्ड क्रमांक एक में केवट समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन होने से केवट समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने विधायक एवं नपाध्यक्ष का आभार माना है। इस अवसर पर अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित सैकड़ों की संख्या में केवट समाज के महिला, पुरुष मौजूद थे। यहां उल्लेखनीय है कि केवट समाज के लोग लंबे समय से सामुदायिक भवन की मांग करते चले आ रहे थे, जिनकी आज मांग पूरी हो गए।

इन दिनों इलाके में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री है और शीतलहर चल रही है

# अगले सप्ताह तक रहेगी ऐसी सर्दी फसलों के लिए रहेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





इलाके में इन दिनों तेज शीतलहर चल रही है और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आ गई है। सुबह कोहरा छाने लगा है और दिन में सर्द हवाओं के साथ शाम से ही शीतलहर तेज हो जाती है। जिससे लोगों को कंपकंपाने वाली सर्दी का सामना करना पड रहा है। सर्दी के बचाव के लिए लोग गर्म कपडों के अलावा अलाव का भी सहारा ले रहे हैं। हांलाकि सर्दी का यह दौर जहां आम नागरिकों के लिए परेशानी भरा साबित हो रहा है, वहीं फसलों के लिए लाभदायक है।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से तापमान में गिरावट के साथ सर्द हवाएं भी चल रही हैं और कंपकंपाने वाली सर्दी पडने लगी है। इन दिनों इलाके का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच रहा है। जबकि अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री तक बना हुआ है। तापमान में गिरावट के चलते सुबह से ही इलाके में कोहरा छाने लगता है और दिन में सर्द हवाओं के कारण दोपहर की धूप भी पूरी राहत नहीं दे पा रही है। शाम होते ही शीतलहर की तीव्रता बढ जाती है और लोगों को शाम से ही स्वेटर, जरकिन, मफलर, टोप आदि पहनकर निकलना पड रहा है। वहीं सर्दी के चलते नागरिक सर्दी जुकाम, बुखार से भी परेशान हो रहे हैं। दूसरी ओर अच्छी सर्दी के चलते फसलों को काफी राहत मिल रही है।

वहीं तेज सर्दी को देखते हुए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव और सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के निर्देश पर नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। ताकि सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित होने वाले लोगों को सर्दी से राहत मिल सके।

वहीं इन दिनों रबी सीजन की बुबाई के बाद फसलों में पहली सिंचाई का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में अच्छी सर्दी से फसलों की वृद्धि के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। कृषि विशेषज्ञ एसएडीओ आशीष आर्य ने बताया कि सर्दी में रबी सीजन की फसलों की वृद्धि अच्छी होती है। अभी चना, मसूर, गेहूं की फसल शुरूआती अवस्था में हैं। ऐसे में सर्दी का यह दौर उनके लिए लाभदायक ही साबित हो रहा है। किसानों को अपनी फसलों में पहली सिंचाई शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि पहली सिंचाई में गेहूं में यूरिया का कम छिडकाव करें और दलहनी फसलों में तो यूरिया का छिडकाव बिलकुल भी न करें।

उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों के अनुसार आगामी 15 दिसंबर तक इलाके का न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री तक ही बना रहेगा। जिससे सर्दी का असर ऐसा ही रहेगा। इसके बाद तापमान में थोडा उछाल आएगा।

## रक्त सेवा समिति की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रक्त सेवा समिति के विस्तार हेतु रविवार को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निर्णय लिया गया कि सभी ग्राम पंचायत में सभी वार्डों में, जिले की सभी तहसीलों में, समिति का गठन कर विस्तार किया जाए और रक्तदान महादान जीवनदान है, इसकी जन जागृति के लिए सभी क्षेत्र में सक्रिय टोली का निर्माण कर, आगामी माह में शिविरों का आयोजन किया जाए। ग्रामों में रक्त की कमी से कोई परेशानी ना हो, गांव के लोगों को गांव में ही रक्तदान करने के लिए गांव के ही रक्तदाता मिल जाएं इस उद्देश्य से रक्त समूह परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभी तक शिविर 350 गांव में लगाए जा चुके हैं और पुनः लगा करके सूची को अपडेट कर, ग्राम में ही उपलब्ध कराने का समिति ने निर्णय लिया है। बैठक में समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, राजेंद्र गौर ,राजेश बघेल, मनोज दुबे, राकेश खटीक, मुकेश तिवारी, केशव भावसार, सुनील अहिरवार, प्रकाश कुर्मी, राजेश शर्मा, गौरीशंकर दंडोतिया, दिनेश नामदेव, घनश्याम सिंह, सुरेंद्र सिंह, परवेज फ़जलानी ,हरि नारायण शर्मा, जगपाल लोधी, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अधूरे फुट ओवरब्रिज से रेलयात्री परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरेठ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे फुट ओवरब्रिज का कार्य अभी भी अधूरा है। जिसके चलते यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर आने जाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर पटरियां पार करनी पड़ रही हैं। रविवार सुबह 10 बजे भोपाल-बीना मेमू ट्रेन के आने का समय था। यह ट्रेन आमतौर पर प्लेटफॉर्म क्रमांक एक पर आती है, लेकिन प्लेटफॉर्म एक पर मालगाड़ी खड़ी होने के कारण मेमू ट्रेन के प्लेटफॉर्म क्रमांक दो पर आने की सूचना दी गई। यात्रियों को प्लेटफॉर्म दो तक पहुंचने के लिए पहले मालगाड़ी के नीचे से निकलना पड़ा और फिर पटरियां पार करनी पड़ीं। यात्रियों का कहना है कि फुट ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य आठ वर्ष पहले तत्कालीन सांसद लक्ष्मी नारायण यादव द्वारा भूमि पूजन के साथ शुरू किया गया था। हालांकि, निर्माण कार्य बीच में ही बंद हो गया और इतने समय बाद भी पूरा नहीं हो सका। कुछ समय पहले यह कार्य दोबारा शुरू हुआ था, लेकिन अभी भी इसे पूरा नहीं किया गया है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। स्टेशन प्रबंधक एसके पाल ने बताया कि ब्रिज का कार्य अंतिम चरण में है, उन्होंने उम्मीद जताई कि यह काम एक दो महीने के अंदर पूरा हो जाएगा। जिससे रेलयात्रियों को आवागमन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## खुली नालियों में गिर रहे मवेशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उदयपुर ग्राम पंचायत में नालियों की न तो सफाई कराई जा रही है और ना ही नालियों को बंद किया जा रहा है। जिसके कारण आए दिन मवेशी गिर रहे हैं। सफाई न होने से नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है। जिसके कारण दो पहिया वाहन फिसल रहे हैं और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण के काम चल रहे हैं, वहीं नीलकण्ठेश्वर मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन करने हजारों की संख्या में लोगों का आना जाना होता है। वहां पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंदिर के पास सरकारी बालक स्कूल है जहां पर कक्षा 1 से लेकर 5 वीं तक बालक पढ़ते हैं। विद्यालय की शिक्षिका वर्षा जाट ने बताया कि आने जाने में बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्कूल की बाउण्ड्रीवाल, किचिन क्षतिग्रस्त है, इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं ग्रामसभा में सरपंच, सचिव ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## गंजबासौदा में आगामी 1 फरवरी को होगा कुशवाह समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में कुशवाहा समाज की जिला बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि समाज का जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन गंजबासौदा में 1 फरवरी को संपन्न होगा। बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा ,समाज में व्याप्त कुरीतियां , संगठन को मजबूत करने संबंधी आदि विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में कुरवाई तहसील अध्यक्ष के रूप में महेश जी कुशवाह नावरा वालों को नियुक्त किया गया। बैठक के मुख्य मार्गदरशक के रूप में कुश कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाहा ने की। बैठक में विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमल सिंह कुशवाह एडवोकेट, ,कर्मचारी महासभा के जिला अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाह, युवा महासभा के जिला अध्यक्ष धनराज , महामंत्री सीताराम, रेवाराम कुशवाह, महिला महासभा की जिला अध्यक्ष दीपा कुशवाहा, रेवाराम, कैलाश, लक्ष्मी कुशवाह, गिरीश कुशवाह, सुनील कुशवाह, राधे श्याम, बुंदेल सिंह, पहलवान, भगवान सिंह, धन सिंह कुशवाह, मखन सिंह, राजेश कुशवाह सहित कई स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। बैठक बैठक का संचालन महामंत्री कैलाश कुशवाहा ने किया। जबकि आभार व्यक्त पूर्व अध्यक्ष खिलान सिंह कुशवाह ने किया।

राष्ट्रीय गीत गाने से मना करने वाले भारत, इस्लाम विरोधी हैं

## भलाई के काम कर स्थापना दिवस मनाएगा मुस्लिम मंच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुडे सामाजिक संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की स्थापना के 24 दिसंबर को 23 साल पूरे हो जाएंगे। मंच का स्थापना दिवस भव्य, दिव्य व समारोह पूर्वक मनाने के लिऐ जिला स्तरीय बैठक मंच कार्यालय कादरी साहब वाली गली जवाहर रोड पर गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कादरी ने बताया 24 दिसंबर को मंच अपना स्थापना दिवस पूरे राष्ट्र में धूमधाम से सेवा खिदमत के कार्य कर मनाऐगा। क्योंकि अल्लाह के नबी हजरत मुहम्मद साहब कहते है खल्क की खिदमत करने से ही खुदा मिलता है। इसलिए मंच के पदाधिकारीगण आम जनता गरीब यतीम बेवाओं व गौ माता सहित सारे खल्क की खिदमत वाले काम अंजाम देकर मंच का स्थापना दिवस मनाऐं। कादरी ने बताया मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रवादी मुस्लिमों का भारत का सबसे बड़ा संगठन है। यह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा का संगठन है। इस संगठन को विश्व का सबसे अच्छा संगठन होने का गौरव प्राप्त है। संगठन के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हैं। संगठन का गठन 2002 में हुआ है। संगठन की विचार धारा अहिंसावादी है हम हिंसा के विरोध में है यह गाँधीजी के विचारों से प्रेरित हैं। हम भारतवर्ष के सभी इष्टों को भी अपना पूर्वज मानते हैं,क्योकि हम जन्म से, सोच से, विचार से और कर्म से भी भारतीय ही है। हमारा धर्म इस्लाम है जो शांति का मजहब है जो किसी भी तरह के खून खराबे को बढावा नहीं देता। संगठन का नारा है हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई ये आपस में भाई भाई तथा यह संगठन धर्मनिरपेक्ष भारत का समर्थन करता है। हमारा विचार देश पहले मजहब बाद में है। भारत के किसी भी संगठन ने जब जब राष्ट्रगीत को एक गैर मजहबी अधार्मिक गीत के रूप में वर्णित किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने उसका विरोध किया है, क्योंकि राष्ट्रगीत देश का गीत है और हर भारतीय को सम्मान करना चाहिए। हमारे अनुसार, मुसलमान जिन्होंने भी राष्ट्रीय गीत गाने से मना कर दिया, वे इस्लाम और भारत दोनों के विरोधी है । इस दौरान जिले भर के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## साप्ताहिक श्रमदान अभियान का नौवा चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत रविवार को नौवां चरण बेतवा नदी के तट पर उत्साह, प्रतिबद्धता और सामाजिक चेतना के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह तड़के श्रमदान दल के सदस्यों ने रिपटा घाट पर पहुँचकर स्वच्छता कार्य आरंभ किया। दो घंटे तक चले अभियान में घाट क्षेत्र से मुंडन के दौरान उतरवाए गए बालों, पूजा सामग्री और प्लास्टिक कचरे की बड़ी मात्रा एकत्रित की गई। दल के अनुसार, धार्मिक एवं कर्मकांडों के चलते यहां वहां मुंडवाए गए, उतरवाए गए बालों और अन्य अपशिष्ट वस्तुओं को घाट किनारे छोड़ देने से न केवल दुर्गंध फैलती है, बल्कि प्रदूषण भी बढ़ता है साथ ही साथ नदी एवं जलीय जीवों का जैविक संतुलन बिगड़ता है। इन अवशेषों के साथ ही प्लास्टिक-पुड़िया, कपड़े, फूल-माला, तेल-शैंपू के पैकेट और पूजन सामग्री भी नदी के आसपास बड़ी मात्रा में पाई जा रही है, जो बेतवा घाट के लिए गंभीर पर्यावरणीय समस्या बन चुकी है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, मानव बाल पानी में लंबे समय तक सड़ते रहते हैं, जिनसे हाइड्रोजन सल्फाइड जैसी जहरीली गैसें बनती हैं। यह न केवल नदी की सतह पर तैलीय परत पैदा करती हैं, बल्कि मछलियों और अन्य जलीय जीवों के लिए ऑक्सीजन की मात्रा घटा देती हैं। जिससे जलीय वनस्पति नष्ट होने लगती है, सूक्ष्मजीवों का जीवन चक्र बाधित होता है और अंततः नदी की जैव विविधता को भारी खतरा उत्पन्न होता है। दल के सदस्यों ने चिंता जताते हुए कहा कि यह समस्या "अदृश्य प्रदूषण" का रूप ले चुकी है, जो धीरे-धीरे नदी को भीतर से बीमार कर रही है। स्वच्छता अभियान के दौरान दल ने यह भी पाया कि घाट क्षेत्र में देर रात तक बैठकर पार्टी करने वालों शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ रही है। दल ने स्पष्ट कहा कि नदियां और उनके घाट आस्था, श्रद्धा और पवित्र भावनाओं का केंद्र है, न कि मनोरंजन और लापरवाही का स्थान इसलिए इन गतिविधियों को सख्ती से रोकने की जरूरत है। अभियान में सक्रिय रूप से जुड़े राकेश रघुवंशी, नितिन अग्रवाल, दीपेश शर्मा, दिनेश चौरसिया आदि ने कहा कि नदी की स्वच्छता किसी एक संस्था या समूह का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनका संदेश स्पष्ट है "नदियों को केवल पूजा का स्थान समझना पर्याप्त नहीं, उन्हें साफ रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुंडन सामग्री, प्लास्टिक और धार्मिक अवशेष नदी या घाट पर न फेंके, निर्धारित डस्टबिन या कचरा केंद्र का उपयोग करें एवं बेतवा नदी के रिपटा घाटों पर असामाजिक गतिविधियों को देखते ही रोकने की पहल करें।

### दिन में धूप के कारण ठंड से राहत, रात में 8 बजे के बाद तेजी से गिरता है पारा

# नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों में जगह जगह सजी गर्म कपड़ों की दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज





नवम्बर माह बीत चुका है और शहर में ठंड का आगाज हो गया है, शाम होते ही नागरिकों को ठंड लगना प्रारंभ हो गई है और लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई देने लगे हैं। हालांकि दिन का तापमान 29 डिग्री व शाम का तापमान 15 से 18 डिग्री के बीच बना हुआ है। लेकिन बाजार में ठंड से जुड़े गर्म कपड़ों की दुकानें सज गई हैं और लोग गर्म कपड़ों की खरीदी भी करने लगे हैं। शहर में लिंक रोड व मुख्य बाजार में गर्म व ऊनी कपडें दुकानों के बाहर लटलें नजर आने लगें है। कई अन्य स्थानों में हर बार की तरह इस बार भी दूसरे जिलों से गर्म कपड़ों को लेकर व्यापारियों ने दुकानें लगा ली है। इन व्यापारियों ने बताया कि अभी ठंड कुछ कम पड़ रही है जिससे ग्राहकी भी कम है आने वाले दिनों में जैसे-जैसे ठण्ड बढ़ेगी तो ग्राहकी भी बढ़ेगी।

**इन कपड़ों की हो रही पूछपरख** - नगर के मुख्य मार्गो पर सड़क किनारे गर्म कपड़ो की सेल लग गई है। गर्म कपडों की दुकान लगाने वाले व्यापारी ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी जैकेट,मफलर, स्वेटर की डिमांड है, इसके अलावा टोपा, हैंडग्लब्स, मोजे आदि की भी ग्राहक पूछपरख कर रहे हैं। वहीं एक अन्य दुकानदार का कहना है कि ग्राहकी धीरे-धीरे बढ़ रही है। उम्मीद है कि इस माह ठंड बढ़ने पर खरीदारी भी बढ़ जाएगी। अपने पसंद के गर्म कपड़े खरीदने के लिए नागरिकों का दुकानों पर पहुचना शुरू हो गया है। ग्राहकों की मानें तो वे अपनी पसंद के कपड़े खरीद कर घर ले जा रहे हैं। किसी को शॉल तो किसी को स्टोल पसंद आ रहा हैं तो वहीं कोई जैकेट की खरीदारी कर रहा है। दुकानदारों ने बताया कि उनके पास तरह-तरह के गर्म कपड़े हैं। दुकानदारों के मुताबिक लोगों को बजट के अनुसार गर्म कपड़े उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

**कपडा व्यापारियों ने गर्म कपडों से सजाई दुकानें** - नगर के कपड़ा,बाजार चांदनी चौक,हाजीपुर,कहारा बाजार,कष्टम पथ पर कपड़ा व्यापारियों ने गर्म कपड़ो से अपनी दुकाने सजा ली है। मौसम बदलने से बढ़ी ठंड को देखते हुए दुकानों पर ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। नगर के कपड़ा व्यवसायी ने कहा कि विगत माह नवम्बर में ही सुबह-शाम की ठंड को देखते हुए दुकान में गर्म कपड़े मंगा लिए गऐ थे। पहले बिक्री कम हो रही थी, लेकिन कुछ दिनो से मौसम में बदलाव के कारण गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। लोग ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। गर्म कपड़ों की बिक्री भी खूब हो रही है। प्रतिष्ठान में जैकेट, शॉल, स्वेटर, इनर, टोपी आदि गर्म एवं ऊनी कपड़े मंगा लिए गए हैं। गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए ग्राहक भी आने लगे हैं। उनका कहना है कि इस समय अच्छी ठंड होने से ग्राहकी भी अच्छी हो रही है।

**कई जगहों पर लगी हुई है सेल** - सर्दी का मौसम शुरू होते ही ब्रांडेड के अलावा अन्य गर्म कपड़ों की सेल भी जगह जगह पर लग गई है। नगर के लिंक रोड,तहसील रोड सहित शहर के गली मोहल्ला में कई स्थानों पर सड़क किनारें गर्म कपड़ों की दुकाने सज गई है। यहां पर विभिन्न प्रकार की वैरायटी पर अलग-अलग प्रकार का डिस्काउंट में दिए जा रहा है। वही कश्मीर की शालों को युवतियां बड़े चाव से खरीद रही हैं, क्योंकि ये सस्ते होने के साथ ही फैंसी भी हैं। गर्म कपड़े के विक्रेता सड़क के किनारे फड़ी लगाकर लोगों को लुभा रहे हैं, जिस कारण उनकी बिक्री भी बड़ रही है। वही बाजारों की दुकानों से लोग मनपंसद गर्म कपड़ों की खरीदी कर रहे हैं। यही नहीं रात और अलसुबह से सर्दी से बचने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लेना भी शुरू कर दिया है। हालांकि दिन में जरूर मौसम साफ रहने और धूप निकलने से लोगों को हल्की गर्मी का अहसास हो रहा है, लेकिन शाम होते ही सर्दी लगने लगती है।

### स्वेटर पाकर बच्चों के खिले चेहरे

# स्कूली बच्चों को निशुल्क स्वेटर का किया वितरण



**सिरोंज।** माध्यमिक शाला प्याराखेड़ी में बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़ों की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से माध्यमिक शाला प्याराखेड़ी में स्कूली बच्चों के लिए स्वेटर वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र पालीवाल, महामंत्री दयाराम लोधी, सरपंच शमीम खान, संकुल प्राचार्य शिशुपाल भारती, जन शिक्षक मुकेश भावसार, राकेश सोनी, रामबाबू शर्मा, मेहरबान सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें। वही बच्चों के स्वास्थ्य नियमित पढाई को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने बच्चों को नियमित अध्ययन, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अनुशासन के महत्व से अवगत कराते हुए प्रेरणादायी संदेश दिए। विद्यालय परिवार ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु भविष्य में भी इसी प्रकार की छात्र हितैषी गतिविधियाँ निरंतर जारी रहेंगी। माध्यमिक शाला प्रभारी संतोष विश्वकर्मा द्वारा स्वंय की प्रेरणा से बच्चों में एकरूपता एवं विश्वास जगाने हेतू अपने स्वयं के व्यय पर स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं उन्होने कहा कि जरूरतमंद की सहायता और दान करना धर्म का कार्य हैं। यदि धन का उपयोग दान करके नहीं किया जाए तो वह विनाश का कारण भी बन सकता है। उन्होंने कहा कि हमें दान करते रहना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डां रतन सिंह राजपूत सहित समस्त स्कूल स्टाफ एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# जन कल्याण पार्टी बोलते जीवों को हक दिलाने वाली सभी धर्मों की पार्टी है: हार्दिक


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



जैन मुनि नीलेश चंद्र जी द्वारा प्रेरित जन कल्याण पार्टी जैनो के साथ साथ देश के अबोल जीवों के लिए जन जन का कल्याण हो। वही उच्च भावना रखने वाली पार्टी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने बताया कि विश्व में जन कल्याण पहली ऐसी पार्टी है, जो उन उम्मीदवारों का प्रचार करेगी। जिताने की कोशिश करेगी जो उम्मीदवार जनता के साथ साथ अबोल जीवो की रक्षा के लिए, उनका हक दिलाने सदा तत्पर रहे। उम्मीदवार चाहे जन कल्याण, बीजेपी, कांग्रेस, शिवसेना, मनसे, राष्ट्रवादी कोई भी पक्ष के हो। हम को किसी से कोई लड़ाई या झगड़ा नहीं है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि हम राजनीति में सुशासन की राजनीति करने आए है। सभी पक्षों के सभी विजय होने वाले नेता एक दूसरे पक्ष या विरोध पक्ष के साथ मिल जुलकर रहते है तो हम प्रजा क्यों एक दूसरे के विरोध में रहें। हार्दिक हुंडिया ने बहुत अच्छी बात कही कि देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी हो या महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीश हो, वो उम्मीदवार भले बीजेपी के हो लेकिन अब देश के राज्य की सभी प्रजा के नेता है।

# शिक्षकों से कुत्ते भगाने का आदेश,शिक्षा व्यवस्था का अपमान: बोहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एडवोकेट सुभाष बोहत व पूर्व जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट सुभाषिनी बोहत ने शिक्षा विभाग द्वारा जारी उस निर्देश की कड़ी निंदा की है, जिसमें स्कूल शिक्षकों को पढ़ाने के साथ-साथ आवारा कुत्तों को भगाने की जिम्मेदारी भी दे दी गई है। दोनों नेताओं ने कहा कि शिक्षक का दायित्व बच्चों को ज्ञान देना, चरित्र निर्माण करना और उन्हें संस्कारित नागरिक बनाना होता है, न कि विद्यालय परिसर में जानवरों को दौड़ाना। सरकार द्वारा दिया गया यह निर्देश न सिर्फ अव्यावहारिक है, बल्कि शिक्षक समुदाय का खुला अपमान भी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आड़ में विभाग ने अपनी जिम्मेदारी शिक्षकों पर थोप दी है। जबकि आवारा पशुओं को नियंत्रित करना नगर निगम तथा स्थानीय प्रशासन का दायित्व है। सुभाष बोहत ने कहा कि यदि किसी बच्चे को कुत्ता काट लेता है तो शिक्षक पर कार्रवाई करने की धमकी देना सरकार की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है। यह शिक्षकों को भय में रखकर काम कराने का प्रयास है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है, और उसे इस प्रकार ह्लकुत्ते भगानेह्व जैसे कार्यों में लगाना शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाला निर्णय है। एडवोकेट सुभाषिनी बोहत ने कहा कि पूरे प्रदेश में स्कूलों में पहले ही स्टाफ की भारी कमी है, कई विद्यालयों में बाउंड्री वॉल तक नहीं है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ डालने के बजाय सरकार को चाहिए कि वह विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करे और परिसर में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाए। वही उन्होने सरकार से इस आदेश को तत्काल वापस लेने, शिक्षकों से किए गए अपमानजनक व्यवहार के लिए माफी मांगने और स्कूलों में नियमित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पुलिस हुई सक्रिय गस्त के साथ कोचिंग संस्थानों पर पहुंचकर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस थाना प्रभारी कपिल गुप्ता के नेतृत्व में सक्रिय बनी हुई है। पूर्व में नगर की प्रमुख सडक़ों बाजारों का पुलिस दल द्वारा भ्रमण कर अतिक्रमण करने वालों को समझाईस दी गई थी।

**कोचिंग संचालकों से चर्चा** : टीआई कपिल गुप्ता के साथ पुलिस बल द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर संचालित कोचिंग संस्थानों, ट्यूशन सेंटर और किनकी रोड का भ्रमण किया गया। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोचिंग संस्थाओं के संचालकों से चर्चा की गई।

# पीजी कॉलेज में प्रिंसटन कॉलेज द्वारा कैरियर काउंसलिंग जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



पीजी कॉलेज में प्रिंसटन कॉलेज के तत्वावधान में कैरियर काउंसलिंग एवं जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम को गरिमामय के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक कैरियर विकल्पों, रोजगारोन्मुखी कौशलों तथा प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण की तैयारी के प्रति जागरूक करना था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

- छात्रों को प्रमाण पत्रों का किया वितरण

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईआईटी रुडक़ी के प्रवक्ता रीतेश गोयल और नेशनल मोटिवेशनल स्पीकर रितु तोमर रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को अपने-अपने अनुभवों और विशेषज्ञता के आधार पर उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया।

आईआईटी रुडक़ी के प्रवक्ता रितेश गोयल जी ने छात्रों को तकनीकी शिक्षा, उभरते करियर विकल्प, नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में आवश्यक कौशलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के आधार पर सही करियर चयन कर अपने भविष्य को दिशा दे सकते हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग, रिसर्च, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में मौजूद अवसरों पर भी प्रकाश डाला।

नेशनल मोटिवेशनल स्पीकर रितु तोमर ने अपने प्रभावी और प्रेरणादायक भाषण से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और जीवन में अनुशासन के महत्व के बारे में समझाया। रितु तोमर ने कहा कि सफलता उन लोगों को मिलती है जो हार नहीं मानते और निरंतर प्रयास करते रहते हैं। उनके द्वारा दिए गए उदाहरणों और वास्तविक जीवन की प्रेरक कहानियों ने विद्यार्थियों को नए उत्साह के साथ भविष्य की ओर बढऩे के लिए प्रेरित किया।प्रोग्राम में प्रिंसटन कॉलेज की टीम ने करियर प्लानिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट तथा जॉब मार्केट की वर्तमान मांगों पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया। जिससे छात्रों ने व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया।

### शीत जनित बीमारियां बढीं, सूरज की गर्मी हुई गायब

# कोहरा शीत का प्रकोप, छाये बादल थर-थर कांप रहे क्षेत्र के निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



दिसंबर का महीना शुरू होते ही कोहरा और शीत का प्रकोप बढ़ गया है।हाड मास को कपा देने वाली ठंड के साथ दो दिन से आसमान में बादल भी छा रहे हैं।शीत के प्रकोप और शीत लहर के कारण सूरज की किरणो में तेजी और गर्मी गायब हो जाने से दिन हो या रात एक समान शीत का प्रकोप झेलना क्षेत्र के निवासियों की मजबूरी बन रहा है।नवंबर माह में जमकर शीत का माहौल बना रहा दिसंबर का महीना असहनीय ठंड के लिए जाना जाता है इस वर्ष दीपावली के बाद से जिस प्रकार ठंड ने जोर पकड़ा और रिकॉर्ड तोड़ शीत का माहौल नगर सहित संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में बना रहा उससे इस वर्ष जैसे रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई इस प्रकार रिकॉर्ड तोड़ शीत का प्रकोप बना रहने की चर्चा बनी हुई है।

## बच्चे-बुजुर्ग हो रहे बीमार

जिस प्रकार दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट आने के साथ न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास हो रहा है। इसके असर से सर्वाधिक छोटे स्कूली बच्चे और बुजुर्ग शीत जनित बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं सर्दी जुखाम बुखार और खांसी होना आम हो गया है शीत से बचाव के लिए 24 घंटे गर्म कपड़ों का उपयोग अलाव जलाकर आग तापने और लोग बार-बार गरमा गरम चाय का उपयोग कर रहे हैं।

### सतरावन में रास्ते को लेकर विवाद मारपीट दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज

# मोटी कमाई का जरिया बनी नर्मदा नदी की रेत

## प्रतिदिन रॉयल्टी के नाम पर हजारों रुपए की वसूली का खेल बेरोक टोक चल रहा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




क्षेत्र की नर्मदा रेत खदानों से हटकर नर्मदा रेत की उत्खनन भराई और परिवहन का दिन रात अवैध कार्य हो रहा है। नर्मदा तट सतरावन में अवैध भराई और ट्रालियों के आवागमन मार्ग को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद मारपीट झगड़ा में बदल गया सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। स्थिति को संभाल कर फरियादी रजत ठाकुर की रिपोर्ट पर तीन लोगों के विरुद्ध एवं दूसरी पक्ष के शिवकुमार ठाकुर की रिपोर्ट पर तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं का प्रकरण दर्ज किया गया।

देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में दर्जन नर्मदा तटों से वैध अवैध रूप से दिन रात नर्मदा रेत का ट्रैक्टर ट्रालियों डंपरों से परिवहन हो रहा है।

प्रतिदिन भारी संख्या में रेत के परिवहन में भारी रॉयल्टी के नाम पर हजारों रुपए की वसूली का खेल वे रोक टोक चल रहा है। कोई भी रेत खदान का क्षेत्र निश्चित होता है उसी से रेत निकाली जाती है। वर्षों से नर्मदा तटों से किसी भी स्थान से मनमानी ढंग से रेत का उत्खनन और परिवहन बिना रॉयल्टी निर्धारित से अधिक रॉयल्टी राशि वसूली के कारण नगर एवं क्षेत्र में भवन निर्माणकर्ताओं को 6-7 हजार तक एक ट्राली के रुपए देकर नर्मदा रेत खरीदना मजबूरी बना हुआ है। रेत का खेल प्रतिदिन अवैध मोटी कमाई का कारोबार बना हुआ है और नर्मदा क्षेत्र में गिरोह सक्रिय बने हुए हैं।

## रेत खदान कहीं और रॉयल्टी दूसरे स्थान की

दिन रात चल रहे नर्मदा मैया की रेत के अवैध कारोबार मोटी कमाई के धंधे में कहीं से भी रेत का उत्खनन प्रतिबंध होने के बाद मशीनों का उपयोग आम बना हुआ है। रेत की चल रही खेल में खनिज विभाग के साथ अन्यों की उदासीनता चुप्पी और निष्क्रियता बनी हुई है। जिससे रेत खनन माफिया के हौसले बुलंद बने हुए हैं, रेत खदानों से हटकर रेत का उत्खनन विवाद का कारण बन जाता है। प्रभावी कार्यवाही न होने से व्यापक स्तर पर कारोबार फैला हुआ है।

### इनका कहना है

एक वर्ष पूर्व रेत खदानों का सीमांकन कराया गया था कौन कहां से रेत उठा रहा है कहां की रॉयल्टी दी जा रही है। स्थिति स्पष्ट नहीं है पुन: सीमांकन कराएंगे जिससे विवाद ना हो।

**- रामजीलाल वर्मा,** तहसीलदार बरेली।

# सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारी शुरू

### मानस सत्संग भवन में होगी संगीतमय भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



रविवार को रामलीला मैदान सभा कक्ष में पटवा चंदेल परिवार एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में 13 से 19 दिसंबर तक होने वाली सात दिवसीय संगीतमय कथा की विभिन्न तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। कथा के प्रथम दिवस 13 दिसंबर को नगर में धूमधाम से निकाली जाने वाली कलश शोभा यात्रा को भव्यता प्रदान करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

नगर के तुलसीराम चंदेल परिवार द्वारा 13 से 19 दिसंबर तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।कथा आयोजन में समाज के सभी वर्ग समुदायों की सहभागिता रहे इसके लिए रविवार को रामलीला मैदान सभाकक्ष में बैठक हुई।

जिसमें हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेले, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, हरि सिंह खोजर, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हीरेंद्र मालवीय, अवध नारायण सक्सेना, हरिदास भावसार, संतोष राय, राजू ठाकुर, भरत शर्मा, कैलाश सोनी, पीयूष मालवीय पार्षद अन्यों सहित पटवा चंदेल परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही कथा आयोजन एवं प्रथम दिवस यात्रा निकालने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा और जिम्मेदारियां भी सौंप गई।

दो और डॉक्टरों की तैनाती के दिए थे आदेश, लेकिन नहीं हुआ अमल

# इमरजेंसी में सिर्फ 3 डॉक्टर, इलाज कराने पहुंच रहे 400 से ज्यादा मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल में 3 शिफ्ट में अस्पताल प्रबंधन के आला अधिकारियों द्वारा सिर्फ 3 डॉक्टरों को ही तैनात किया जा रहा है। मरीजों को परेशानी से बचने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने 2 अन्य डॉक्टरों को ड्यूटी लगाने के आदेश आदेश थे, लेकिन यह आदेश अभी तक अमल में नहीं आ पाए हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को इलाज के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल की 24 घंटों की इमरजेंसी के शेड्यूल के तहत सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक दो डॉक्टर, दोपहर 2 से रात्रि 8 तक और रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक कभी दो तो कभी सिर्फ एक डॉक्टर मरीजों का इलाज करते नजर आते हैं। जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज पहुंचते हैं।

कभी-कभी ऐसा मौका भी आता है इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान सिर्फ एक डॉक्टर की भरोसे ओपीडी चलती है। हालांकि जिला अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों ने दो अन्य डॉक्टरों की सीडी के आदेश दिए हैं, लेकिन यह आदेश अभी तक अमल में नहीं आ सके हैं। जिससे अस्पताल इलाज कराने आने वाले मरीजों को हरदम परेशानी बनी रहती है। इसके साथ ही एमएलसी करने वाले पुलिसकर्मियों इमरजेंसी में कोई गंभीर मरीज को देखना या फिर अचानक एक्सीडेंटल केस आ जाने से भी एक डॉक्टर को परेशानी आती है। ऐसे कई मामले ड्यूटी पर तैनात सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे रहते हैं। इसके साथ ही कोई वार्ड में गंभीर मरीज भर्ती होता है तो उसे बार-बार वार्ड में जाकर देखना पड़ता है। यदि किसी वार्ड में मरीज की मृत्यु हो जाती है तो डॉक्टर को कुर्सी से उठकर उसे भी देखने जाना पड़ता है। शव के पोस्टमार्टम के लिए भी इमरजेंसी डॉक्टर को ही देखने जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में गंभीर बने हालात पर भी एक डॉक्टर को स्थिति संभालना बड़ा मुश्किल पड़ता है।

### फैक्ट फाइल

- इमरजेंसी में इलाज कराने के लिए मरीज होते है परेशान
- जिला अस्पताल में प्रतिदिन इलाज कराने पहुंचते है 500 से अधिक मरीज
- एक डॉक्टर के भरोसे ही चल रही ओपीडी



### जिला अस्पताल में डॉक्टर बढ़ाने की आवश्यकता

◆ जिला अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी में डॉक्टर बढ़ाने की लंबे अरसे से जरूरत महसूस की जा रही है, क्योंकि मरीज की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले से भी कई मरीज जिला अस्पताल रेफर होकर आते हैं। चूंकि कड़ाके की सर्दी का मौसम चल रहा है। वर्तमान में जिला अस्पताल में सर्दी खांसी उल्टी दस्त वायरल फीवर सहित बदन दर्द के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। जिससे डॉक्टरो को भी परेशानी हो रही है। इन मरीजों को पहले ओपीडी लाया जाता है, फिर इलाज के लिए वार्डों में शिफ्ट कर दिया जाता है।

### दो अन्य डॉक्टरों की तैनाती पर गंभीरता से अमल नहीं

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दो और डॉक्टरों की तैनाती पर अभी तक अस्पताल प्रबंधन ने गंभीरता से नहीं लिया है, जिससे इलाज के दौरान हमेशा मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जिला अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों ने लगभग 1 साल पहले इमरजेंसी में तीन डॉक्टरों की तैनाती के निर्देश दिए थे। लेकिन साल भर का लंबा अरसा बीतने के बाद भी अभी तक यह आदेश का पालन नहीं हो सका। अब सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान से इस आदेश को कड़ाई से लागू करने के लिए मरीजो ने उम्मीद जताई है।

#### इनका कहना है

पूर्व के निर्देशों का पालन क्यों और कैसे नहीं हुआ है। इस मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कराई जाएगी। जल्द ही मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन को निर्देशित करेंगे।

- डॉ एचएन मांडरे, सीएमएचओ रायसेन।

पीजी डॉक्टरों को प्रशानिक कार्य न देने का आदेश

# डॉ यादव को नियम विरुद्ध सौंपी गैरतगंज बीएमओ की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पूर्व के बीएमओ अनिष्ट लाल को हटाकर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप यादव को कमान सौंप दी गई। जो कि समय अवधि अनुसार इस पद की श्रेणी में नहीं आते। सीनियर डॉक्टरों को छोड़कर आखिर जूनियर डॉ यादव को बीएमओ की ऐसी महत्वपूर्ण जवाबदारी आखिर क्यों सौंपी गई है यह समझ से परे है।

डॉ यादव पूर्व में भी गैरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रहे चुके हैं। बताया जाता है कि जब से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप यादव गैरतगंज अस्पताल में पदस्थ हुए हैं, तभी से बच्चों की मृत्युदर में लगातार इजाफा हो रहा है। वह गैरतगंज के अस्पताल में कम ध्यान दे रहे हैं। बल्कि उनका दिमाग बेगमगंज में उनके प्रायवेट हॉस्पिटल पर प्रायवेट प्रैक्टिस पर लगा रहता है।




### क्या कहता है स्वास्थ्य आयुक्त का आदेश

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 अगस्त 2025 को प्रदेशभर के सीएमएचओ को आदेश जारी कर प्रशासनिक पदों पर पदस्थ स्वास्थ्य अधिकारियों विशेषज्ञों और पीजी डिग्रीधारी डॉक्टरों को प्रशानिक प्रभार नहीं दिए जाएं। क्योंकि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी होने के कारण मरीजों का इलाज समय पर नहीं हो पाता। लेकिन फिर भी शासन के नियम आदेश को दरकिनार करते हुए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप यादव बीएमओ क्यों बने हुए हैं।

#### इनका कहना है

हमारे पास स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल के आदेश आ चुके हैं। जल्द ही आदेश पर कार्रवाई करेंगे।

- डॉ. एचएन मांडरे, सीएमएचओ रायसेन

स्थिति गंभीर होने पर भोपाल किया रेफर

## दो बाइको में दो कारों ने मारी टक्कर, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

रविवार दोपहर को 2 बाइको में 2 कारों ने टक्कर मार दी, जिससे 4 युवकों को गंभीर चोटें आईं। घायलों को डायल 112 ने सांची अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा रेफर किया। लेकिन स्थिति बिगड़ने पर शाम को सभी घायलों को भोपाल रेफर किया है।

पुलिस ने बताया कि बेरखेड़ी चौराहे के पास कार एमपी 09 सीएक्स 1759 ने मोटरसाइकिल एमपी 04 वाईएल 3479 में टक्कर मार दी, जिससे सवार साहिल पिता अब्दुल खान 19 वर्ष और अयान खान 20 वर्ष गंभीर घायल हो गए। वहीं उनके दूसरे दोस्त आदिल पिता नईम खान उम्र 20 वर्ष और निज़ाम पिता ज़हीर खान उम्र 20 वर्ष की मोटरसाइकिल एमपी 04 वाईएस 8473 में कार एमपी 04 सीआर 6655 ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं।

शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

## जैथारी में 300 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जैथारी क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर बड़ा प्रहार किया है। पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर 6 पेटी में 300 क्वार्टर देशी मसाला मदिरा जप्त की है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसडीओपी अनिल मौर्य के निर्देशन में थाना सिलवानी और चौकी जैथारी पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिलवानी थाना प्रभारी पूनम सविता और जैथारी चौकी प्रभारी एसआई सुनील भदौरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पापडा निवासी महरसिंह पिता भैयालाल आदिवासी उम्र 55 वर्ष निवासी पापड़ा अपने खेत पर बने घर में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और तत्परता दिखाते हुए टीम ने तुरंत घेराबंदी कर दबिश दी।




छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी महरसिंह को रंगे हाथों पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कब्जे से 6 पेटी में रखे 300 क्वाटर देशी मसाला मदिरा बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाही की गई।

## बेरखेड़ी चौराहे पर दो मिनी ट्रक में जोरदार भिड़ंत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित बेरखेड़ी चौराहा रविवार दोपहर दुर्घटना का केंद्र बना, जब दो आयशर ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

जानकारी के अनुसार एक ट्रक चालक भोजन कर वापस वाहन को सड़क पर ला रहा था, तभी भोपाल की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे दूसरे आयशर ट्रक ने अचानक जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पहले ट्रक का क्लीनर केबिन में फंस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कर घायल क्लीनर को बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। टक्कर में एक ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



घटना की सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगे कार्रवाई की जा रही है। अभी तक दोनों पक्ष में से किसी ने भी थाने में रिपोर्ट नहीं लिखवाई है। पुलिस के द्वारा दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सामान्य कराया गया।

## दत्तगुरु भगवान के मंदिर में टीनशेड निर्माण शिलालेख का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अवधपुरी स्थित महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा निर्मित भगवान दत्त गुरु गणपति मंदिर में नमिता अखिलेश राय और समाजसेवी अरुणा सुदेश राय ने भगवान दत्त गुरु और गौमाता की विधिवत पूजा अर्चना की और फल फूल प्रसाद अर्पित किया।

राय ने महाराष्ट्रीयन समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में वरिष्ठ समाजसेवी दानदाता अखिलेश राय के नाम निर्मित टीनशेड निर्माण के शिलालेख का विमोचन किया। महाराष्ट्रीयन समाज के अनुरोध पर विधायक सुदेश राय ने अपनी निधि से टीनशेड निर्माण के लिए मंदिर हित में राशि उपलब्ध कराई है।



कार्यक्रम में महाराष्ट्रीयन समाज के द्वारा राय परिवार का सहयोग देने पर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाराष्ट्रीयन समाज के सुनील भालेराव सहित अन्य वरिष्ठजन और महिलाएं सम्मिलित रही।

## एसपी ने अधिकारियों को बेहतर रणनीति बनाकर काम करने के दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी आशुतोष गुप्ता ने क्राइम बैठक ली। बैठक में एसपी गुप्ता ने अपराधों पर प्रभावित नियंत्रण के लिए बेहतरीन रणनीति से काम करने जिले के पुलिस अधिकारियों के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने सर्वप्रथम जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावशील बनाने के लिए सबसे सख्त कदम उठाने की बात कही है।

*एसपी ने कहा- जिले में बिगड़ी कानून व्यवस्था को प्रभावशील बनाने के लिए उठाएं सख्त से सख्त कदम*



### बैठक में एसपी ने दिए यह निर्देश

- अपराधों को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाए।
- पेंडिंग अपराधों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए।
- थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त प्रभारी बनाया जाएं एवं अपराधों पर निगरानी को और भी अधिक सशक्त बनाया जाए।
- नागरिकों की शिकायत पर जल्द एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने पर फोकस करें।
- अपराधी चाहे कोई भी हो उसे बिल्कुल बख्शा नहीं जाए।
- अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ढिलाई बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
- अधिकारियों को निर्देशित किया लोगों से समन्वय बनाएं।

## 17 दिसंबर से होगा श्रीराम चरित मानस सम्मेलन

**सिलवानी।** तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ में विराट श्रीरामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन 17 दिसंबर से किया जाएगा। संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित मानस सम्मेलन में विद्वान कथा वाचक सावेर सरकार नवीन बिहारी महाराज द्वारा व्याख्याण दिया जाएगा। जबकि मंच संचालन वेदाचार्य जी महाराज, अखिल भारतीय धर्म संघ अध्यक्ष बीकलपुर द्वारा किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक तय किया है। वनवासी रामचरित मानस सम्मेलन समिति प्रतापगढ़ द्वारा कार्यक्रम की सफलता की तैयारियां की जा रही है।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुआ खूनी संघर्ष, एक व्यक्ति की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के थाना बेगमगंज के अंतर्गत ग्राम खिंरेटी में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हो गया। इस जानलेवा हमले की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे हुए पुराने जमीनी विवाद में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर तलवार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर घायल 50 वर्षीय थानसिंह कुशवाहा की मौत हो गई। साथ ही 8 घायलों को इलाज के लिए बेगमगंज अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



घायल रोहित कुशवाह ने बताया कि हम लोग खेत थे, वहां पर ईंटें बन रही थीं। यह वहां मारने आए तो हम वहां से घर आए। वो पीछे से आकर बड़े पापा और हमारी बहन को कतरना से मारने लगे। हम चार लोग घायल हो गए।

### विवाद में यह हुए घायल

दो पक्षों के बीच हुए इस जमीनी विवाद में हुए हमले में वृंदावन कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, धारासिंह कुशवाहा, अंजली कुशवाहा घायल हुई। वहीं दूसरे पक्ष से थानसिंह कुशवाहा की मौत हो गई है। वहीं राजभाई कुशवाहा, शिवराज कुशवाहा, शीलाबाई, नरेंद्र कुशवाहा घायल हो गए।

## बाबा साहब डॉ. अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाडी

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस चिंतामन चौराहे पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवंत सिंह मालवीय ने की।

इस अवसर पर बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर केंडल जलाया गया और उपस्थित जनसमूह ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आमसभा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न समाजसेवियों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में अजाक्स ब्लॉक शाखा बाड़ी अध्यक्ष यशवंत सिंह मालवीय, किरण गोयल, अहिरवार समाज अध्यक्ष पोहप सिंह अहिरवार बबलू बागड़ी, वंशकार समिति बाड़ी अध्यक्ष सुनील गुबरेले, दीपक कटारे, वाल्मीकि समाज समिति अध्यक्ष गुड्डू भैया कटारे, संजय थनवार, अजय टांक दरोगा, राजेश थनवार, पप्पू थनवार, संतोष डागोर, सुरेश वाल्मीकि, गोलू कटारे, विशाल कटारे, निखिल थनवार, सुनील कटारे, संत गाडगे रजक समाज समिति अध्यक्ष विष्णु मालवीय, जसवंत मालवीय, अतुल परिहार, सचिन अहिरवार, अजय मांडरे, नगर परिषद जनप्रतिनिधि पार्षद कपिल अहिरवार, दिनेश शिल्पी आदि के साथ ही मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमें शेख़ मुजीब, रिजवान मंसूरी, बाबू अली, वसीम खान, मुजाहिद खान, एवं अनेक युवा समाज सेवी उपस्थित रहे। वहीं अजाक्स की ओर से सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया।



होमगार्ड के जवान आपदा प्रबंधन जनसेवा की रीढ़ है : डॉ. चौधरी

## झंडा वंदन कर मनाया होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस

खरगांव स्थित होमगार्ड में हुआ कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए डॉ चौधरी

*समारोह में आकर्षक परेड की दी प्रस्तुति, आपदा मित्रों को किया सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

चाहे कोई आपदा हो या कानूनी व्यवस्था अथवा चुनाव ड्यूटी, नागरिक सुरक्षा से जुड़ा कार्य, चाहे जनसेवा जैसे कार्य हो होमगार्ड जवान हमेशा तैयार और मुस्तैद रहते हैं। यह बात मुख्य अतिथि सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने होमगार्ड स्थापना एवं नागरिक सुरक्षा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही।

विधायक डॉ चौधरी, होमगार्ड के प्लाटून कमांडर एमडी परते, एसआई होमगार्ड लखनलाल गौर भाजपा नेता बृजेश चतुर्वेदी द्वारा झंडावंदन होमगार्ड परेड ग्राउंड खरगावली सागर रोड पर झंडावंदन कर होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। वहीं होमगार्ड जवानों आपदा मित्रों द्वारा होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह में आकर्षक परेड की प्रस्तुति दी गई। झंडावंदन कर आकर्षक परेड की सलामी विधायक डॉ चौधरी ने ली। होमगार्ड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में होमगार्ड के जवानों ने अपनी दक्षता का भी जोरदार प्रदर्शन किया। रायसेन जिले में जब भी चाहे प्राकृतिक आपदा आती है तो होमगार्ड के जाबांज जवान पुलिस और अधिकारियों के साथ साथ कंधों से कंधा मिलाकर एक साथ काम करते हैं।





### आपदा मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

होमगार्ड के स्थापना दिवस समारोह में विधायक डॉ चौधरी ने होमगार्ड के जवानों एवं आपदा मित्रों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि चाहे कोई जनसेवा जैसे कार्य हो या चुनाव ड्यूटी सभी जगहों पर होमगार्ड के जवान तत्परता से कार्य करते हैं। ऐसे हमारे कर्मवीर आपदा मित्र भी भारी बारिश और बाढ़ के समय कार्य कर रहकर लोगों की भरपूर मदद करते हैं।